उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 18.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः-18.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



## रोडवेज बस में आग लगने की सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 15 मिनट में आग पर पाया काबू। राहगीरों, सवारियों व रोडवेज कर्मचारियों ने की पुलिस टीम की प्रशंसा...।

आज दिनांकः- 18.04.2025 को समय दोहपर करीब 12.40 बजे सूचना पर प्राप्त हुई की रोडवेज परिसर में चलकर आयी हुई एक बस में किसी कारणवश अचानक आग लग गयी है।

आग लगने की उक्त सूचना पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे की उपस्थिति में तथा प्र0नि0 थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह, मेडिकल चौकी प्रभारी उ0नि0 बुद्धी सागर तथा प्रभारी अग्निशमन टीम महोबा श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के यंत्र व अग्निशमन के फायर टेंडर की सहायता से बस में लगी हुई आग पर 15 मिनट के अन्दर काबू पा लिया गया है । पुलिस टीम की तत्परता से इस दौरान किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। सभी यात्री सकुशल हैं, सभी का सामान सुरक्षित है। प्रकरण में सम्बन्धित विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा आग लगने की सूचना पर की गयी इस त्वरित कार्यवाही की मौके पर मौजूद राहगीरों, सवारियों एवं रोडवेज कर्मचारियों ने प्रशंसा करते हुए जनपदीय पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है...।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह सतर्क, ड्रोन कैमरों से की गई निगरानी, विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर रही पुलिस की मुस्तैदी।



पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक-18.04.2025 दिन शुक्रवार को जनपद में जुम्मे की नमाज को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। नमाज के समय जनपद के संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई तथा उच्चाधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी रखी गई व संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती गई।

प्रमुख मस्जिदों एवं ईदगाहों के आस-पास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। जनपदीय पुलिस टीमें लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहीं और उनके द्वारा संवेदनशील स्थलों में फ्लैग मार्च किया गया।

शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु PAC एवं QRT की टीमों को भी सक्रिय रखा गया। ड्रोन कैमरों के माध्यम से विभिन्न स्थलों की निगरानी रखी गई, जिससे भीड़ पर नियंत्रण एवं संभावित अराजक तत्वों पर नजर रखी जा सके।





**जनहित में अपील:-** जनपद पुलिस आम जनमानस से अपील करती है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना या डायल- 112 पर दें।

# महोबा पुलिस



## अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, मॉकड्रिल में सिखाये आग बुझाने के तरीके, वितरित किये गये जागरुकता पम्पलेट्स...।








ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में अग्नि सुरक्षा से बचाव हेतु प्रचलित अभियानों के क्रम में आज दिनांक- 18.04.2025 को जनपद में अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा, श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत जनपद में स्थित होटलों एवं प्राइवेट नर्सिंग होम्स/अस्पतालों का निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा संबंधित संस्थानों में कार्यरत समस्त स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों की कार्यप्रणाली, उनके प्रयोग की विधि तथा आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही आग जैसी आपातकालीन स्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित कार्यवाही के संबंध में भी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता को मजबूत करना है।

अग्निशमन विभाग द्वारा जनपद में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगामी दिनों में भी जारी रखे जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम ने चलाया यातायात जागरुकता/चेकिंग अभियान, पढाया गया यातायात नियमों का पाठ।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से प्रभारी यातायात महोबा श्री अरविन्द सिंह गौर के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में विशेष अभियान के तहत आज दिनांक- 18.04.2025 को प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा लोगों को जागरुक करते हुये सभी से अपील की जा रही है कि यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हमेशा सुरक्षा मापदण्डों का पालन करें। साथ ही सम्बन्धित वाहन के विरुद्ध यातायात नियमों के तहत सीज/चालान की कार्यवाही की गयी है। जिससे लोगो में यह सन्देश जाये कि यातायात नियमों का पालन न करते हुए सड़क में चलना उचित नहीं है।

महोबा पुलिस आप सभी से अपील करती है कि अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा न करें, यातायात नियमों का पालन करें, अपना तथा अपनों का जीवन सुरक्षित करें।





# महोबा पुलिस



## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने अवैध देशी रायफल के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद।

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र की बरामदगी/गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर द्वारा गठित टीम के उ0नि0 हरिभजन सिंह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर सलारपुर बांध से सलारपुर जाने वाली नहर पटरी के पास से एक नफर अभियुक्त कमला कुशवाहा पुत्र स्व0 दसईया कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा को मय एक अदद अवैध देशी रायफल 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 86/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 हरिभजन सिंह
2. उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह
3. हे0का0 ओमप्रकाश
4. का0 शीलू यादव

### बरामदगी विवरण-

01 अदद अवैध देशी रायफल 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस

### गिरफ्तार अभियुक्त-

कमला कुशवाहा पुत्र स्व0 दसईया कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**थाना कबरई पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 20,250/- रुपये नगद बरामद।**

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में अवैध जुआ, सट्टा में संलिप्त अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई के नेतृत्व में गठित टीम के व0उ0नि0 मलखान सिंह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगा कर रुपये से जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण 1.पवन 2.साजेश 3.आलोक को बदन सिंह डिग्री कालेज के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके जामा तलाशी से 5500/- रुपये, मालफड़ 14750/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद हुये । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 119/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह
2. उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
3. हे0का0 राजेन्द्र प्रसाद
4. का0 धीरेन्द्र कुमार
5. का0 राहुल अग्निहोत्री

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.पवन कुमार पुत्र लल्लूराम साहू उम्र 34 वर्ष निवासी मु0 किदबई नगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा

2.साजेश पुत्र रामऔतार शिवहरे उम्र 29 वर्ष नि0 मु0 किदबई नगर थाना कबरई जनपद महोबा

3.आलोक कुमार पुत्र स्व0 रामऔतार पाठक उम्र 45 वर्ष निवासी मु0 राजेन्द्र नगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा ।

**बरामदगी-**

कुल 20,250/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद।

